RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 | अंक-11 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 09 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-8 | मूल्य -2



## लोकसभा चुनाव से पहले 5 करोड़ से ज्यादा की नकदी बरामद, 3 किलो सोना, 68 पीस चांदी की छड़ें जब्त

लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के बेल्लारी में पुलिस ने 5.60 करोड़ नकद, 3 किलो सोना, 103 किलो आभूषण और 68 पीस चांदी की छड़ें जब्त की हैं. पुलिस ने बेल्लारी की ब्रूस टाउन में छापेमारी की थी. ये पैसे कंबली बाजार में हेमा ज्वैलर्स के मालिक नरेश के घर से मिले हैं और आरोपी नरेश को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है.

. पुलिस ने कहा कि हमें इससे संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला है. पुलिस को हवाला लेनदेन का संदेह है और जांच जारी है. पुलिस ने इस मामले में केपी एक्ट की धारा 98 के तहत मामला दर्ज किया है. उन्होंने कहा कि जांच के बाद आईटी विभाग को जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी.

### वरुण का टिकट कटने पर मुझे कोई हैरानी नहीं...

## मेनका गांधी ने पीलीभीत लोकसभा से BJP के फैसले पर कही बात

**मेनका ने बेटे वरुण गांधी का टिकट कटने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्?होंने कहा कि बीजेपी कैडर आधारित पार्टी है। यहां लिए गए फैसले से सभी लोग सहमति रखते हैं। मेनका ने यह सवाल पूछे जाने पर कि क्या वरुण कोई दूसरी पार्टी जॉइन कर रहे हैं? कहा कि उन्हें इस बारे में बिल्कुल भी आइडिया नहीं है।**



लखनऊपूर्व केंद्रीय मंत्री और सुल्तानपुर से बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी ने बेटे वरुण गांधी का टिकट कटने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि 3 बार के सांसद बेटे वरुण को प्रत्याशी नहीं बनाए जाने को लेकर ना तो कोई हैरानी है और ना ही कोई परेशानी। उन्होंने भरोसा जताया कि वरुण जो भी करेंगे, वह देश के लिए सकारात्मक ही कार्य करेंगे। मेनका ने बेटे वरुण गांधी का टिकट कटने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्?होंने कहा कि बीजेपी कैडर आधारित पार्टी है। यहां लिए गए फैसले से सभी लोग सहमति रखते हैं। मेनका ने यह सवाल पूछे जाने पर कि क्या वरुण कोई दूसरी पार्टी जॉइन कर रहे हैं? कहा कि उन्हें इस बारे में बिल्कुल भी आइडिया नहीं है।

### माधवी लता को दी गई Y प्लस सिक्योरिटी

## हैदराबाद से ओवैसी को दे रही हैं चुनौती, IB की थ्रेट रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय का फैसला

माधवी लता हैदराबाद लोकसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार हैं. कहा जा रहा है कि उन्हें आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के बाद सुरक्षा दी गई है. माधवी लता सोशल मीडिया पर हिंदुत्व समर्थक के रूप में मशहूर हैं और तीन तलाक पर अपने बयानों के बाद चर्चा में आई थीं, जो अब हैदराबाद लोकसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार माधवी लता को गृह मंत्रालय ने ङ्ख+ कैटेगरी की सुरक्षा दी है. वह असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ हैदराबाद से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं. गृह मंत्रालय ने आईबी की थ्रेट रिपोर्ट का आधार पर बीजेपी उम्मीदवार माधवी को सुरक्षा दी है.

वाई-प्लस कैटेगरी में आर्म्ड पुलिस के 11 कमांडो तैनात किए जाते हैं, जिसमें पांच पुलिस के स्टैटिक जवान वीआईपी की सुरक्षा के लिए उनके घर और आसपास रहते हैं. साथ ही 6 पीएसओ तीन शिफ्ट में संबंधित वीआईपी को सुरक्षा देते हैं.



## मुख्तार अंसारी के घर पहुंचे अखिलेश यादव, बीजेपी हमलावर



अखिलेश यादव गाजीपुर पहुंचे और मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात की. मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी की मौत पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज के निगरानी में जांच की मांग की है.

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव 7 मार्च को मुख्तार अंसारी के घर पहुंचे. उन्होंने मुख्तार के परिवार से मुलाकात की. इस दौरान अखिलेश ने योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि मुख्तार ने खुद बताया था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है और वहीं बात सामने आई. मुख्तार अंसारी और उनके परिवार के बारे में बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा सब जानते हैं कि परिवार ने किस तरह से लोगों के बीच काम किया और दुख दर्द का साझा किया. मुख्तार के बेटे उमरअंसारी ने कहा कि अखिलेश यादव ने आकर उनके परिवार का हौसला बढ़ाया. इस मामले को लेकर अखिलेश यादव बीजेपी के निशाने पर आ गए है।



संपादकीय

# गुढ़ी पड़वा-नव वर्ष की नई सुबह




**महाराष्ट्र के विभिन्न कोनों में गुढ़ी पड़वा के उत्सव की धूम है। यह त्योहार, जिसे मराठी नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है, न सिर्फ एक नई शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि यह आशा, उत्साह, और उमंग का भी संदेश देता है। इस दिन, लोग अपने घरों को सजाते हैं, नए वस्त्र पहनते हैं, और गुढ़ी की स्थापना करते हैं, जो विजय का प्रतीक है।**

**किंवदंती है कि इस दिन, ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, और समय की गणना की शुरुआत हुई थी। इसलिए, गुढ़ी पड़वा को नई उम्मीदों और नवीन संभावनाओं के आगमन के रूप में मनाया जाता है।**

गुढ़ी का महत्व- गुढ़ी, एक बांस के डंडे पर उलटा लगाया गया एक नया कपड़ा, फूलों, सुगंधित स्टिक्स, और एक कलश के साथ सजाया जाता है। इसे घरों के द्वार पर या बालकनी में ऊँचाई पर स्थापित किया जाता है। यह विजय की भावना को दर्शाता है और यह मान्यता है कि यह बुराई पर अच्छाई की विजय और समृद्धि का प्रतीक है।

उत्सव की शुरुआत में, लोग तड़के ही उठकर तेल लगाकर स्नान करते हैं, नए वस्त्र पहनते हैं, और पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन विशेष व्यंजन जैसे कि पूरण पोली, श्रीखंड, और भाकरी बनाए जाते हैं।

गुढ़ी पड़वा के उत्सव में, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रंगारंग परेडों का भी आयोजन किया जाता है, जहाँ लोग अपने पारंपरिक नृत्य और संगीत का प्रदर्शन करते हैं। इस अवसर पर, समुदाय के लोग एक साथ आते हैं और उत्सव की खुशियाँ साझा करते हैं, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का वातावरण बनता है।

गुढ़ी पड़वा न केवल एक धार्मिक उत्सव है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और विरासत को भी संजोए रखता है। यह त्योहार हमें यह याद दिलाता है कि प्रकृति के साथ हमारा संबंध कितना महत्वपूर्ण है और इसे संरक्षित करने की हमारी जिम्मेदारी क्या है। इस वर्ष, गुढ़ी पड़वा के मौके पर, हमारे समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए भी पहल की गई है। बहुत से लोगों ने वृक्षारोपण के अभियान चलाए हैं, और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता फैलाई है। इस प्रकार, गुढ़ी पड़वा अब नवीनीकरण और सतत विकास का भी प्रतीक बन चुका है।

इस पावन अवसर पर, रणजीत टाइम्स अपने सभी पाठकों को गुढ़ी पड़वा की हार्दिक शुभकामनाएँ देता है। हम आशा करते हैं कि यह नया वर्ष आपके लिए खुशियाँ, समृद्धि और स्वास्थ्य लेकर आए। आइए हम सभी मिलकर इस उत्सव को मनाएं और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएं। गुढ़ी पड़वा का यह उत्सव हमें सिखाता है कि जीवन में नई शुरुआत के लिए कभी भी देर नहीं होती और हर दिन हमें नए अवसर और संभावनाएं प्रदान करता है।

इस अवसर पर, समाज के हर वर्ग के लोग एक साथ आते हैं, भले ही उनकी आस्था और पृष्ठभूमि अलग-अलग हो। यह एकता और सामंजस्य का जश्न है, जो हमें दिखाता है कि हमारे साझा मूल्य और उत्सव हमें कैसे एक साथ बांधे रखते हैं।

आज के दौर में, जब दुनिया तेजी से बदल रही है और हम अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, गुढ़ी पड़वा जैसे उत्सव हमें याद दिलाते हैं कि हमारी जड़ें और हमारे पारंपरिक मूल्य कितने महत्वपूर्ण हैं। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने समुदायों को मजबूत करें, पर्यावरण की देखभाल करें और एक बेहतर कल के निर्माण के लिए मिलकर काम करें। इसलिए, इस गुढ़ी पड़वा पर, आइए हम सभी संकल्प लें कि हम अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को न केवल संजोएंगे बल्कि उन्हें नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए भी कार्य करेंगे। आइए हम सभी मिलकर नई उम्मीदों, नई संभावनाओं के साथ इस नव वर्ष का स्वागत करें और अपने समाज को एक स्वस्थ, समृद्ध और सौहार्दपूर्ण भविष्य की ओर ले जाएँ। चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष के आगमन पर, रणजीत टाइम्स अपने पाठकों को इस पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं देता है। चैत्र मास के प्रथम दिवस से शुरू होने वाले इस नौ दिवसीय पर्व में, हम माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना करते हैं और उनसे शक्ति, समृद्धि और ज्ञान की प्रार्थना करते हैं।

चैत्र नवरात्रि का यह उत्सव न केवल हमें नवीन ऊर्जा और सकारात्मकता से भरता है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक मान्यताओं का संगम भी है। इस दौरान, भक्त व्रत और उपवास रखकर, मंदिरों में जागरण करते हैं, और सामूहिक प्रार्थनाओं में भाग लेते हैं, जो समाज में एकजुटता और सामंजस्य का प्रतीक है।

हिंदू नव वर्ष, जिसे विक्रम संवत के अनुसार मनाया जाता है, नवीन आशाओं और संकल्पों का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की अनंत संभावनाएं हैं। इस अवसर पर, हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और समाज को एक स्वस्थ, समृद्ध और सौहार्दपूर्ण दिशा में ले जाने का संकल्प लेना चाहिए।



संपादक-
गोपाल गावंडे

रणजीत टाइम्स इस पावन अवसर पर आप सभी से अपील करता है कि आइए हम सभी मिलकर अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आदर और उत्साह के साथ आगे बढ़ें, नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष के इस पवित्र अवसर पर नई उम्मीदों और सपनों को साकार करें। यह समय है उन सभी रीति-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करने का, जो हमें हमारे पूर्वजों से विरासत में मिले हैं, और इसे एक ऐसा अवसर बनाने का, जो हमारी साझा संस्कृति और विविधता को मनाता है। हमें यह समझना होगा कि हमारी विविधता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, और यही वह बात है जो हमें विश्व के अन्य समाजों से अलग बनाती है। चलिए, हम इस नव वर्ष में सम्मान, करुणा, और सामाजिक सद्भावना के भाव को अपनाएं, और एक स्वस्थ, समृद्ध, और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।रणजीत टाइम्स के माध्यम से, हम आपको नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष के इस शुभ अवसर पर व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर संकल्पों को निभाने की प्रेरणा देना चाहते हैं। आइए हम सभी मिलकर इस अवसर को यादगार और सार्थक बनाएं, अपने आस-पास के वातावरण और समाज को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस नववर्ष, आपके सभी सपने और आशाएं साकार हों, और आपका जीवन सुख, शांति, और समृद्धि से भर जाए। संपादकीय टीम की ओर से, आप सभी को चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं।

राजनीति

# आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रही सरकार, जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर साधा निशाना



**पीएम मोदी आज बस्तर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के रैली से पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के व्यवहार से पता चला है कि कॉर्पोरेट पूंजीपतियों के साथ उनकी दोस्ती लोगों के प्रति उनके कर्तव्य की भावना से कहीं अधिक गहरी है। उन्होंने दावा किया किघने जैव विविधता से भरपूर हसदेव अरण्य वन को अदाणी एंटरप्राइजेज से खतरा है।**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी आज बस्तर में चुनावी रैली को संबोधित करने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी बस्तर लोकसभा क्षेत्र के आमाबल गांव में एक रैली को संबोधित करेंगे। इस चुनावी रैली से पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहे हैं।

सरकार आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा करने में विफल- जयराम रमेश

उन्होंने कहा, यहां (बस्तर) भाजपा के व्यवहार से पता चला है कि कॉर्पोरेट पूंजीपतियों के साथ उनकी दोस्ती लोगों के प्रति उनके कर्तव्य की भावना से कहीं अधिक गहरी है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, हमें उम्मीद है कि पीएम इस बात पर कुछ प्रकाश डाल सकते हैं कि वह राज्य में आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने में क्यों विफल रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्य के फेफड़े माने जाने वाले घने, जैव विविधता से भरपूर हसदेव अरण्य वन को भाजपा और उनके पसंदीदा साथी अदाणी एंटरप्राइजेज से खतरा है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में थी, तो इस पवित्र जंगल की रक्षा के लिए केंद्रीय कोयला मंत्रालय द्वारा इस जंगल में हमारे 40 कोयला ब्लॉक रद्द कर दिए गए थे। जब से भाजपा वापस आई है, उन्होंने इस फैसले को पलट दिया है और अदाणी के स्वामित्व वाले परसा कोयला में खनन फिर से शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में बहुत धूमधाम से नगरनार स्टील प्लांट को जनता को समर्पित किया था, जिसकी परिकल्पना और पहल मनमोहन सिंह सरकार ने की थी।

## स्टील प्लांट को कॉर्पोरेट दोस्तों को बेचना चाहती भाजपा- कांग्रेस

उन्होंने कहा, पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले, गृह मंत्री अमित शाह बस्तर आए थे और वादा किया था कि संयंत्र का निजीकरण नहीं किया जाएगा, लेकिन तथ्य यह है कि भाजपा सरकार ने अभी तक इस दावे को मान्य करने के लिए ठोस आश्वासन नहीं दिया है। जयराम रमेश ने पूछा,क्या बीजेपी कोई सबूत दिखा सकती है कि उसने इस स्टील प्लांट को अपने कॉर्पोरेट दोस्तों को बेचने का कभी इरादा नहीं किया था और न ही कभी

# पूर्व सैनिकों के परिवारों के मकान तोड़ने पर बवाल

## विरोध में JCB के सामने खड़ी हो गईं महिलाएं; पुलिस खींचकर अलग ले गई

**इंदौर में एमओजी लाइन में सोमवार सुबह बवाल हो गया। यहां पूर्व सैनिकों के करीब 110 मकानों को तोड़ने के लिए आई रिमूवल गैंग को देखकर परिवार भड़क गए। विरोध शुरू कर दिया और महिलाएं, बच्चे सब जेसीबी के सामने आकर खड़े हो गए। मौके पर कांग्रेस नेता भी पहुंच गए थे। जमकर विरोध के बाद पुलिस ने समझाने की कोशिश की। इसके बाद निगम प्रशासन 8 दिन का समय देकर वहां से लौट गई।**

प्रत्यदर्शियों ने बताया कार्रवाई के विरोध में जब लोग नहीं मान रहे थे तो पुलिस ने बलप्रयोग किया। मौके से जेसीबी के सामने खड़े कई युवाओं और महिलाओं को कॉलर और गर्दन पकड़कर पुलिस खींचते हुए अलग ले गई। इनके अलावा कांग्रेस नेताओं सहित सात लोगों को हिरासत में ले लिया। कांग्रेस प्रत्याशी भी जेसीबी पर खड़े थे, उन्हें हिदायत देकर उतारा गया। बाद में सभी को छोड़ दिया गया।

### महिलाएं बोलीं- कार्रवाई गैरकानूनी, वक्त भी नहीं दिया

दरअसल, जैसे ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची तो लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। शनिवार को नोटिस देने के बाद अचानक शुरू हुई कार्रवाई को गैरकानूनी बताया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी विरोध करने आ गईं। पुलिस ने पहले कार्रवाई देखने के लिए जमा हुई भीड़ को खदेड़ा। फिर प्रदर्शनकारी परिवारों से बातचीत का दौर शुरू हुआ। जब बात नहीं बनी तो विरोध की अगुवाई कर रहे 7 को हिरासत में लेकर छत्रीबाग थाने पहुंचाया गया। इनमें कांग्रेस नेता भी थे।

रहवासियों ने कहा कि रहवासियों को शनिवार को ही नोटिस दिया गया ताकि वे कोर्ट में जाकर न्याय की गुहार भी नहीं लगा सकें। आरोप लगाया कि वे सोमवार सुबह निगम की रिमूवल गैंग पुलिस के साथ इन लोगों के मकान को तोड़ने के लिए पहुंच गई। मौके पर विरोध तेज होने लगा तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए कुछ लोगों को हिरासत ले लिया। छत्रीपुरा थाना ले जाया गया।

### कांग्रेस बोली- यदि कार्रवाई हुई तो भूख हड़ताल करेंगे

निगम और पुलिस की कार्रवाई के दौरान कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम, शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, इंदौर सेवादल अध्यक्ष मुकेश यादव, इंदौर युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष तत्सम भट्ट भी मौके पर पहुंचे। वे भी जेसीबी पर चढ़कर विरोध करने लगे। इस प्रदर्शन के बीच पुलिस ने 7 को हिरासत में लेकर छत्रीबाग थाना पहुंचाया। बाद में छोड़ दिया गया। कांग्रेस ने कहा कि यदि कार्रवाई हुई तो भूख हड़ताल करेंगे। विरोध के बाद निगम अमले ने 8 दिनों का समय दिया है।





# लंदन विला डकैती केस में एक गिरफ्तार

### क्राइम ब्रांच ने सोमला के साथी थावरसिंह को पकड़ा, सोमला अब भी फरार

**इंदौर** क्राइम ब्रांच की टीम ने लंदन विला डकैती कांड में फरार सोमला के साथी राजेश को पकड़ा है। आरोपी को झाबुआ के पास से पुलिस की टीम ने धरदबोचा।

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक लंदन विला में डिपो मैनेजर के घर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने सोमला भील के साथी राजेश उर्फ थावरसिंह को पकड़ा है। थावर के मामले में जानकारी मिली थी कि वह सोमला के साथ वारदातें करता है।

सोमला के कोर्ट से जाने के बाद क्राइम ब्रांच राजेश की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। उन्हें जानकारी लगी थी कि सोमला के अड्?डे की जानकारी उसे है। वहीं सोमला किन वारदातों में शामिल है। इसके बारे में भी थावर को पता है। थावर का नाम लंदन विला डकैती कांड में सोमला से पूछताछ में सामने आया था। लेकिन कोर्ट में वह इस बात से मुकर गया था।

# इंदौर जिले के महू में भी आपसी विवाद

इसके अलावा जिले के महू में रविवार देर रात शहर के तिवारी हॉस्पिटल के पास स्थित करणावत पान की दुकान पर आपसी विवाद हुआ है। कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है। महू की करणावत पान दुकान में सामान लेने गए युवक की उसके संचालक से बहस हो गई। इस पर युवक ने दुकान में रखा सामान फेंकना शुरू कर दिया संचालक ने आपत्ति ली तो युवक बाहर निकल गया। बाहर खड़े कुछ अन्य युवकों से भी उस युवक का बाहर विवाद शुरू हो गया। इस पर युवकों ने मिलकर उसकी सामूहिक पिटाई कर दी थी।

# कॉलेज छात्रा को घर में घुसकर छेड़ा, फिर पीटा

## सहेली के पिता और भाई पर केस; दो महिलाओं से भी मनचलों ने की हरकत

**इंदौर के आजाद नगर में कॉलेज की पढ़ाई कर रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता की ही सहेली के पिता और भाई है। पीड़िता के पास उसकी सहेली मिलने आई थी। उसके पिता ने पीड़िता को कॉल किया तो फोन रिसीव नहीं करने से नाराज होकर वह पीड़िता के घर बेटे को लेकर पहुंचे। यहां छेड़छाड़ करने के बाद मारपीट कर चले गए।**



आजाद नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 24 साल की एक छात्रा की शिकायत पर उसकी सहेली के पिता राकेश रावत और भाई आकाश रावत पर छेड़छाड़-मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक वह कॉलेज स्टूडेंट है।

उसने बताया कि रविवार को उसका बर्थडे था। उसके साथ कोचिंग में पढ़ने वाली सहेली घर पर चॉकलेट देने आई थी। इस दौरान सहेली के पिता राकेश ने उन्हें कॉल किया। वह कॉल रिसीव नहीं कर पाई। इस दौरान उनकी बेटी घर से जा चुकी थी। तभी वह अपने बेटे आकाश को लेकर मेरे घर आ गए। तब मैं घर पर अकेली थी। इसी दौरान राकेश ने बंद कमरे में गंदी हरकत की। वहीं मारपीट करने लगे। बेटे आकाश ने बाल पकड़े और कमरे में घसीटा। इस दौरान मदद के लिये शोर मचाया। तो जीजा और दीदी वहां पहुंचे। बाद में राकेश ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से चले गए।

### शादीशुदा से मांगी इंस्टाग्राम आईडी

**इंदौर के बाणगंगा पुलिस ने भी एक शादीशुदा महिला से छेड़छाड़ और जबरदस्ती मोबाइल नंबर, इंस्टाग्राम आईडी मांगने को लेकर इलाके के एक आरोपी पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह शादी शुदा है। रविवार रात घर पर अकेली थी।**

इस दौरान आकाश उर्फ भय्यू भतकरे घर में घुस आया और जबरदस्ती हाथ पकड़कर गलत हरकत करने लगा। इस दौरान पीड़िता ने उसे धक्का दिया और दरवाजा बंद कर करने लगी। आकाश ने गेट में हाथ अड़ाया और कहा कि उसकी इंस्टाग्राम आईडी दे दे।

पीड़िता ने इनकार किया तो आरोपी ने मोबाइल नंबर मांगा। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्?ठा हुए। इस दौरान भय्यू वहां से धमकी देकर भाग गया। बाद में पीड़िता ने अपने पति को मामले की जानकारी दी और केस दर्ज करवा दिया।

# दुकान के सामने बैठकर पनीर टिक्का खाने पर विवाद

**इंदौर में ग्राहक और दुकानदार के बीच रविवार देर विवाद हो गया। सराफा चौपाटी में रविवार देर रात लड़कियां आपस में भिड़ गईं। झूमाझटकी से बात मारपीट पहुंच गई। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार दोपहर वायरल हो गया। बताया गया कि, महिला रेस्टोरेंट संचालक से वहां आई कुछ ग्राहक छात्राओं से विवाद हुआ। विवाद में कुछ लड़के भी बीचबचाव करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है। सोमवार तक मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।**

सराफा पुलिस ने बताया रेस्टोरेंट संचालक तनु सोलंकी की शिकायत पर आरोपी चांदनी भूरिया के खिलाफ मारपीट करने और धमकाने का मुकदमा दर्ज किया है। तनु ने शिकायत में बताया कि वह सराफा में पनीर टिक्का की दुकान लगाती है। रात करीब डेढ़ बजे चांदनी नाम की लड़की यहां आई। पनीर टिक्का खरीदा और खाते समय दुकान के सामने ही बैठ गई। उसे कहा कि ग्राहकों के लिए जगह दो और साइड में बैठ जाओ। इस पर उसने अपशब्द कहने शुरू कर दिए। मारपीट करने लगी। आसपास के लोगों और अन्य दुकानदारों ने बचाया।

दूसरे पक्ष से चांदनी की शिकायत में बताया गया कि वह भंवरकुआ में रहती है। पढ़ाई कर रही है। रविवार रात में वह सहेली अंजलि और बीना के साथ सराफा मार्केट गई थी। पनीर टिक्का की दुकान पर पहुंची। यहां साइड में बैठने की बात पर आरोपी तनु और उसके पति ने अपशब्द कहे। मारपीट भी की। इससे उसे चोट आई है। सहेलियों ने जैसे-तैसे उसे बचाया।







# चैत्र नवरात्र की तारीख, महत्व, पूजा विधि, व्रत, और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवरात्रि, हिंदुओं के एक प्रमुख त्योहार है जो धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ साथ समाज में उत्साह और खुशी का संचार करता है। यह अद्भुत त्योहार हर साल विभिन्न रूपों में मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष, 2024 में, नवरात्रि का उत्सव और भी विशेष होगा।**

चैत्र नवरात्रि का महत्व धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से है, जो देवी दुर्गा की पूजा और भक्ति के माध्यम से मनाया जाता है। यह 9 दिन की लंबी पूजा का पर्व है जिसमें हम माँ दुर्गा की नौ रूपों की पूजा करते हैं और उनकी कृपा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर हम ध्यान केंद्रित करते हैं, मन्त्र जपते हैं और ध्यान करते हैं ताकि हमें आत्मशक्ति, शांति और समृद्धि की प्राप्ति हो।

इस साल, चैत्र नवरात्रि 2024, हम सभी के लिए एक विशेष महत्वपूर्ण समय होगा। यह एक अवसर है कि हम सभी अपने आसपास के समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाएं, दुर्गा माँ की पूजा करें और उनके आशीर्वाद का आनंद लें। यह समय है कि हम सभी एक-दूसरे के साथ खुशियों का साझा करें, संगीत और नृत्य का आनंद लें, और अपने जीवन को प्रसन्नता और समृद्धि से भर दें।

चैत्र नवरात्रि के उत्सव में हर दिन को अलग-अलग रूप में मनाया जाता है, प्रत्येक दिन का एक विशेष महत्व होता है। प्रत्येक दिन की पूजा और उत्सव की विशेषता होती है, जो लोगों को आत्मिक और मानसिक शक्ति और संतुलन प्राप्त करने में मदद करती है। नवरात्रि के उत्सव में रंग-बिरंगे परिधान, ध्वनि और नृत्य का माहौल होता है, जो इसे एक बहुत ही आनंददायक और रमणीय अनुभव बनाता है।

## चैत्र नवरात्रि कब है?

चैत्र नवरात्रि 2024 का आयोजन 8 अप्रैल को रात 11 बजकर 50 मिनट से आरंभ होगा, और 9 अप्रैल को रात 08 बजकर 30 मिनट तक चलेगा। नवरात्रि का उदय होते ही 9 अप्रैल से यह उत्सव प्रारंभ होगा। चैत्र नवरात्रि 2024, 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मनाई जाएगी। नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना करके 9 दिनों तक व्रत रखे जाएंगे। इस दिन अखंड ज्योति का दीप प्रज्वलित किया जाता है, और इसे विशेष रूप से मनाया जाता है। नव संवत्सर 2081 के साथ, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा और आंध्र प्रदेश-कर्नाटक में उगादी का भी पर्व मनाया जाएगा।

## नवरात्रि का महत्व क्या है?

नवरात्रि भारतीय संस्कृति में एक प्रमुख और महत्वपूर्ण त्योहार है जो नौ दिनों तक मनाया जाता है। यह उत्सव माता दुर्गा की पूजा और आराधना के लिए विशेष रूप से समर्पित है। नवरात्रि के दौरान, भगवान शक्ति की नौ रूपों की पूजा की जाती है, जिन्हें नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान माता दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा और आराधना के साथ मनाया जाता है।

नवरात्रि का महत्व अत्यंत उच्च है क्योंकि इस अवसर पर माता दुर्गा की आराधना और पूजा की जाती है, जो शक्ति का प्रतीक हैं। इस उत्सव के दौरान, लोग विभिन्न प्राचीन और पौराणिक कथाओं के अनुसार माता दुर्गा का आराधना करते हैं और उनकी कृपा और आशीर्वाद का प्राप्ति करते हैं। यह पर्व हिन्दू धर्म में धार्मिकता और आध्यात्मिकता के लिए महत्वपूर्ण है।

नवरात्रि के दौरान, लोग माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हैं, जिनमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री शामिल हैं। हर रूप की पूजा के दिन मान्यता है कि माता दुर्गा की विशेष कृपा और आशीर्वाद प्राप्त होता है।

नवरात्रि का महत्व भक्ति, श्रद्धा, और आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी है। इस उत्सव के दौरान, लोग सुबह-सुबह उठकर स्नान करते हैं और माता दुर्गा की पूजा करते हैं। इसके अलावा, ध्यान, जाप, और धार्मिक अध्ययन का भी विशेष महत्व होता है।

नवरात्रि का महत्व अच्छी स्वास्थ्य और शारीरिक कुशलता के लिए भी है। इस अवसर पर लोग व्रत रखते हैं, सात्विक आहार खाते हैं, और ध्यान करते हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। इसके अलावा, नवरात्रि के दौरान लोग अपने घरों को सजाते हैं और उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से सजाते हैं।

समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ाने के लिए भी नवरात्रि का महत्व है। इस उत्सव के दौरान, लोग साथ मिलकर मंदिरों में और धार्मिक स्थलों पर जाते हैं और भजन-कीर्तन करते हैं। इससे सामाजिक समरसता और सामूहिक भक्ति की भावना बढ़ती है।

इस प्रकार, नवरात्रि का महत्व धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक, और शारीरिक स्तर पर अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह उत्सव हिन्दू समाज में समृद्धि, समरसता, और आनंद का प्रतीक है और लोगों को सांस्कृतिक और धार्मिक धारा के साथ जोड़ता है।

## चैत्र नवरात्रि का इतिहास

चैत्र नवरात्रि का इतिहास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस उत्सव का प्रारंभ प्राचीन काल में हुआ था और आज भी धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का एक अभिन्न हिस्सा है। नवरात्रि का इतिहास दुर्गा अथवा शक्ति की पूजा के विकास के साथ जुड़ा हुआ है।

पुराणों के अनुसार, महिषासुर नामक राक्षस ने देवताओं का अधिकार पर हमला किया था। उनकी शक्ति बढ़ी और उन्होंने स्वर्ग को भी धमाका दिया। देवताओं के संकट को देखते हुए त्रिदेवों ने मां दुर्गा को बुलाया और उन्हें असुरों के विनाश के लिए समर्पित किया।

मां दुर्गा ने एक विशेष युद्धासन पर बैठकर महिषासुर को नष्ट किया और स्वर्ग को उन्हीं के अधीन कर लिया। इस विजय के अवसर पर नौ दिनों तक भगवानी दुर्गा की पूजा और उनकी महिमा का गान किया जाता है।

नवरात्रि के इस उत्सव के दौरान, लोग ध्यान केंद्रित कर मां दुर्गा की पूजा करते हैं और भक्ति भाव से उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस पावन अवसर पर लोग ध्यान और साधना के माध्यम से अपनी आत्मा को शुद्ध करने का प्रयास करते हैं।

नवरात्रि के इतिहास का यह संदेश है कि सत्य, न्याय, और धर्म की रक्षा के लिए हमेशा उत्साहित रहना चाहिए और बुराई के प्रति लड़ाई में सदैव सहायता करनी चाहिए।

## चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों का महत्व

चैत्र नवरात्रि का महत्व बहुत उत्कृष्ट है। यह हिंदू धर्म में एक प्रमुख उत्सव है जो नौ दिनों तक चलता है। यह पर्व नौ रातों और दस दिनों तक मां दुर्गा की पूजा का महत्वपूर्ण समय है। इस अवसर पर हिंदू धर्म के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है, जैसे कि दुर्गा, लक्ष्मी, और सरस्वती।

चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों का अपना अलग-अलग महत्व है। प्रत्येक दिन को एक देवी को समर्पित किया जाता है और उनकी पूजा की जाती है। पहले तीन दिनों में मां दुर्गा की पूजा की जाती है, जब वे मां शक्ति के रूप में पूजित की जाती हैं। चौथे और पांचवें दिनों में मां लक्ष्मी का पूजन किया जाता है, जो समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक हैं। अंतिम चार दिनों में मां सरस्वती की पूजा की जाती है, जो ज्ञान और कला की देवी हैं।

चैत्र नवरात्रि का उत्सव हिंदू समाज में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके माध्यम से मां दुर्गा की पूजा की जाती है और उनकी कृपा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह पर्व सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है, जब लोग साथ मिलकर नवरात्रि के उत्सव का आनंद लेते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। इसके अलावा, यह उत्सव हमें त्याग, ध्यान, और तप का आदर्श सिखाता है, जो हमें सच्चे मन से देवी की पूजा में लगाने के लिए प्रेरित करता है।

**नवरात्रि के नौ दिन नवरात्रि का उत्सव नौ दिनों तक चलता है, जिसमें प्रत्येक दिन एक विशेष देवी की पूजा की जाती है। ये नौ देवियां हैं ङ्क शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कृष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री**

1. **ध्वजारोहण** नवरात्रि के प्रारंभिक दिनों में ध्वजारोहण का आयोजन किया जाता है, जिसमें मां दुर्गा के ध्वज का प्रदर्शन किया जाता है।
2. **ध्यान** नवरात्रि के दौरान लोग ध्यान और तप का आयोजन करते हैं, जिसका मार्ग उन्हें आत्मा की शुद्धि और शक्ति प्राप्ति में मदद करता है।
3. **जागरण** नवरात्रि के नौ दिनों तक रात के समय में जागरण का आयोजन किया जाता है, जिसमें भजन, कीर्तन और भगवान की पूजा की जाती है।
4. **किर्तन** धार्मिक भजनों और कीर्तनों का आयोजन किया जाता है, जो भक्तों को ध्यान और आनंद में ले जाता है।
5. **आरती** देवी की आरती गाई जाती है और उनका आराधन किया जाता है।
6. **संगीत और नृत्य** नवरात्रि के दौरान लोग संगीत और नृत्य का आनंद लेते हैं, जो उत्सव की खुशी और उत्साह को बढ़ाता है।
7. **भंडारा** धार्मिक भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें भोजन की विभिन्न प्रकार की प्रसाद की वितरण की जाती है।
8. **पंडाल सजावट**- नवरात्रि के पंडाल और मंदिरों को सजावटी तरीके से सजाया जाता है, जो उत्सव की भावना को और भी रंगीन बनाता है।
9. **धार्मिक उपदेश** नवरात्रि के दौरान पंडितों और साधुओं द्वारा धार्मिक उपदेश दिया जाता है, जो लोगों को धार्मिकता और आध्यात्मिकता की महत्वपूर्णता के बारे में शिक्षा देते हैं।

**इन सभी आयोजनों के माध्यम से नवरात्रि का उत्सव हमें धार्मिकता, सामाजिक सहयोग और ध्यान में लगाने का अवसर प्रदान करता है, जो हमारे जीवन को सशक्त और संतुलित बनाता है।**

# प्रॉपर्टी बाजार- विकास के नए आयाम और करियर की अनंत संभावनाएं

**आर्थिक विकास और शहरीकरण की बढ़ती गति ने प्रॉपर्टी बाजार को नई उचाइयों पर पहुंचाया है। इस क्षेत्र का विस्तार न केवल निवेशकों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि यह युवा पेशेवरों के लिए करियर की नई संभावनाओं का द्वार भी खोल रहा है।**



रियल एस्टेट सेक्टर आज विविधता और विस्तार का परिचायक बन चुका है, जिसमें आवासीय प्रॉपर्टीज, कॉमर्शियल स्पेस, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस विविधता ने निर्माण, प्रबंधन, विपणन, वित्त, और कानूनी सलाहकार जैसे विभिन्न डोमेन्स में पेशेवरों के लिए अवसरों का सृजन किया है।

**निर्माण और डिजाइन-** आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स, और इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए इस क्षेत्र में बहुत सारे अवसर हैं। स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल निर्माण तकनीकों की बढ़ती मांग ने इन प्रोफेशनल्स के लिए नई राहें खोली हैं।

**रियल एस्टेट प्रबंधन और विपणन-** प्रॉपर्टी मैनेजमेंट और विपणन के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करने वाले पेशेवरों के लिए असीमित संभावनाएं हैं। ग्राहक संबंध प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग, और ब्रांड बिल्डिंग के क्षेत्र में कौशल की मांग है।वित्त और निवेश*- वित्तीय विश्लेषकों, निवेश बैंकरों, और रियल एस्टेट फंड मैनेजरों के लिए रियल एस्टेट सेक्टर बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इन प्रोफेशनल्स की मदद से, निवेशक सही प्रॉपर्टी में निवेश कर सकते हैं और उच्च रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं।

**कानूनी सलाहकार-** रियल एस्टेट क्षेत्र कानूनी परामर्श और सहायता की मांग करता है। इसमें संपत्ति के खरीद-बिक्री से जुड़े अनुबंध, लीज अग्रीमेंट, और भूमि उपयोग से संबंधित कानूनी मुद्दों का समाधान शामिल है। इसलिए, कानूनी पेशेवरों के लिए इस क्षेत्र में बहुत सारे अवसर हैं।

**टेक्नोलॉजी और इनोवेशन-** टेक्नोलॉजी ने रियल एस्टेट क्षेत्र में क्रांति ला दी है। बिग डेटा, AI, और वर्चुअल रियलिटी जैसे उपकरणों का उपयोग करके पेशेवरों को बाजार का विश्लेषण करने, ग्राहकों को आकर्षित करने, और बिक्री को बढ़ाने में मदद मिलती है। इसलिए, टेक-सैवी पेशेवरों के लिए इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। इसके अलावा, सस्टेनेबिलिटी और ग्रीन बिल्डिंग के क्षेत्र में भी बढ़ती हुई रुचि के साथ, पर्यावरण सलाहकारों और सस्टेनेबिलिटी विशेषज्ञों के लिए भी बढ़िया अवसर मौजूद हैं। रियल एियों और अवसरों के साथ आगे बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में नवाचार और नए विचारों का स्वागत है, जो इसे युवा पेशेवरों के लिए आकर्षक बनाता है।

**फ्रेंचाइजी और बिजनेस डेवलपमेंट-** रियल एस्टेट ब्रांड्स और एजेंसियाँ अपने व्यापार का विस्तार करने के लिए फ्रेंचाइजी मॉडल्स और बिजनेस डेवलपमेंट रणनीतियों का उपयोग करती हैं। इस दिशा में काम करने वाले पेशेवरों के लिए व्यापारिक संबंध निर्माण, बाजार विश्लेषण, और नेटवर्किंग कौशल महत्वपूर्ण हैं।

**संपत्ति मूल्यांकन और बाजार अनुसंधान-** निवेश निर्णयों के लिए सही जानकारी और डेटा की आवश्यकता के साथ, संपत्ति मूल्यांकन और बाजार अनुसंधान की मांग बढ़ रही है। इस क्षेत्र में काम करने वाले विश्लेषकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए गहरी विश्लेषणात्मक क्षमता और बाजार की गतिशीलताओं की समझ महत्वपूर्ण है।

**ग्राहक सेवा और समर्थन-** खरीदारों और निवेशकों के साथ बेहतर संबंध बनाने के लिए, ग्राहक सेवा और समर्थन की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ये प्रोफेशनल्स ग्राहकों की जरूरतों को समझने और उन्हें सही समाधान प्रदान करने में माहिर होते हैं।

रियल एस्टेट सेक्टर में करियर की संभावनाएं व्यापक हैं, और यह उन पेशेवरों के लिए एक आकर्षक क्षेत्र है जो नवाचारी सोच और उद्यमशीलता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके अलावा, यह क्षेत्र स्थायी विकास और ग्रीन टेक्नोलॉजी के प्रति सजग हो रहा है, जिससे पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी निर्माण और प्रबंधन में नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

**स्थायी विकास और ग्रीन बिल्डिंग-** जैसे-जैसे दुनिया स्थायी विकास की ओर अग्रसर होती है, रियल एस्टेट सेक्टर में ग्रीन बिल्डिंग और इको-फ्रेंडली प्रॉपर्टीज की मांग बढ़ रही है। इससे पर्यावरण विज्ञानियों, स्थायी निर्माण विशेषज्ञों, और ग्रीन टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स के लिए अवसर सृजित हो रहे हैं।

**प्रौद्योगिकी और ऑटोमेशन-** डिजिटलीकरण और ऑटोमेशन रियल एस्टेट उद्योग को बदल रहे हैं, जिससे डाटा विश्लेषण, ब्लॉकचेन, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में कुशल पेशेवरों के लिए मांग में वृद्धि हो रही है।

**रियल एस्टेट टेक स्टार्टअप्स-** इनोवेटिव रियल एस्टेट टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्रदान करने वाले स्टार्टअप्स इस क्षेत्र में तेजी से उभर रहे हैं। ये स्टार्टअप्स बाजार में नए अवसर सृजित कर रहे हैं और युवा उद्यमियों और टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स के लिए मंच तैयार कर रहे हैं।

**शिक्षा और प्रशिक्षण-** रियल एस्टेट सेक्टर में निरंतर विकास और उत्कृष्टता की मांग के साथ, शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी अवसरों की बढ़ोतरी हो रही है। रियल एस्टेट प्रबंधन, संपत्ति मूल्यांकन, और निर्माण प्रबंधन जैसे विशेषज्ञता कार्यक्रमों और प्रमाणन पाठ्यक्रमों की बढ़ती मांग इस क्षेत्र में पेशेवर कौशल और ज्ञान को बढ़ा रही है। इससे शिक्षकों, प्रशिक्षकों, और ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म्स के लिए नए अवसर खुल रहे हैं।

**वैश्विक अवसर-** रियल एस्टेट एक वैश्विक उद्योग है, और पेशेवरों के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपत्ति बाजारों में काम करने के अवसर मौजूद हैं। यह उन पेशेवरों के लिए आकर्षक हो सकता है जो विदेशों में काम करने और अंतरराष्ट्रीय रियल एस्टेट बाजारों की समझ विकसित करने की इच्छा रखते हैं।

**नेटवर्किंग और पेशेवर संगठन-** रियल एस्टेट उद्योग में सफलता के लिए व्यापक नेटवर्क और पेशेवर संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पेशेवर संगठन, सेमिनार, और नेटवर्किंग इवेंट्स इस उद्योग में काम करने वाले व्यक्तियों के लिए नए संपर्क बनाने, ट्रेंड्स और बेस्ट प्रैक्टिसेज सीखने, और करियर के अवसरों को खोजने का मंच प्रदान करते हैं।

रियल एस्टेट क्षेत्र निश्चित रूप से एक ऐसा उद्योग है जहां निरंतर सीखनेऔर अनुकूलन की प्रक्रिया में, उत्साही और उद्यमी व्यक्तित्व न केवल पनप सकते हैं, बल्कि वे इस विविध और बदलते हुए क्षेत्र में नए मार्ग भी प्रशस्त कर सकते हैं। चाहे आप एक नवागंतुक हों जो रियल एस्टेट की दुनिया में पहला कदम रख रहा है, या एक अनुभवी पेशेवर जो अपने करियर को नई ऊंचाईयों तक ले जाना चाहता है, इस उद्योग में सफलता की कुंजी सतत सीखने, नेटवर्किंग, और नवाचार में निहित है।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि रियल एस्टेट क्षेत्र की संभावनाएं सीमित नहीं हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले पेशेवरों के लिए उनके कौशल और जुनून के आधार पर अनगिनत अवसर हैं। विकास की इस यात्रा में, प्रत्येक व्यक्ति का योगदान और प्रयास मायने रखता है, जिससे वे न केवल अपने करियर को आकार दे सकते हैं, बल्कि इस उद्योग की दिशा और स्वरूप को भी प्रभावित कर सकते हैं।

अंत में, रियल एस्टेट क्षेत्र में अवसरों का दोहन करने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि पेशेवर समय के साथ विकसित होने वाले ट्रेंड्स को समझें, नई तकनीकों को अपनाएं, और स्थायी विकास के लिए प्रतिबद्ध रहें। रियल एस्टेट क्षेत्र की चुनौतियां और संभावनाएं इसे एक रोमांचक और पुरस्कृत करियर पथ बनाती हैं



संपादक-
गोपाल गावंडे



# सिर्फ 16 मैचों में ही इन 3 टीमों का प्लेऑफ में पहुंचना हो गया तय! जानिए क्यों और कैसे

**आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च को हुई थी और अभी तक सीजन में 16 मैच खेले जा चुके हैं, जिनमें रोमांच से भरपूर मुकाबले देखे गए हैं. एक टीम द्वारा किसी पारी में सबसे अधिक रन का स्कोर ध्वस्त हो चुका है, हर बार की तरह चौकों और छक्कों की बरसात हो रही है. इस बीच 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस खराब प्रदर्शन के कारण चर्चा में है. मगर इस बीच 3 टीम ऐसी हैं, जो लगातार अपने प्रतिद्वंदियों को धूल चटा रही हैं. तो आइए जानते हैं उन 3 टीमों के बारे में, जिनका अभी से प्लेऑफ में पहुंचना लगभग तय हो गया है।**



## कौन सी हैं ये 3 टीम?

इसमें सबसे पहला नाम KKR का है, जो अभी तक आईपीएल 2024 में अपने तीनों मैच जीत चुकी है. टीम के पास सुनील नरेन और फिल सॉल्ट के रूप में बेहतरीन ओपनिंग जोड़ी है, जो 3 में से 2 बार अर्धशतकीय साझेदारी कर चुकी है। मिडिल ऑर्डर में कप्तान श्रेयस अय्यर से लेकर वेंकटेश अय्यर और अब अंगकृश रघुवंशी ने भी डेब्यू में 54 रन की पारी खेलकर अपनी फॉर्म से सबको परिचित करा दिया है. आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह आखिरी ओवर में लगातार ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हैं. गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क भी लय में वापस लौट आए हैं और उनके अलावा वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती भी लगातार अच्छा कर रहे हैं। KKR का कॉम्बिनेशन फिलहाल लाजवाब नजर आ रहा है।

दूसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स है, जो इस बार संजू सैमसन की कप्तानी में बहुत घातक दिखाई दे रही है. खासतौर पर कप्तान संजू सैमसन का फॉर्म में होना अन्य खिलाड़ियों का भी मनोबल बढ़ा रहा होगा. हालांकि यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर का बल्ला अभी तक शांत रहा है, लेकिन मिडिल ऑर्डर में रियान पराग अभी तक 3 मैचों में 181 रन ठोक चुके हैं, वहीं सैमसन के बल्ले से भी 109 रन निकले हैं. गेंदबाजी में युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट का घातक कॉम्बिनेशन RR को अभी तक तीनों मैचों में जीत दिला चुका है।

सबसे बढ़िया टीम कॉम्बिनेशन में चेन्नई सुपर किंग्स भी पीछे नहीं है. हालांकि ष्टस्य को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार मिली थी, लेकिन विशेष रूप से टीम का बल्लेबाजी कॉम्बिनेशन अन्य टीमों से काफी बेहतर दिखाई दे रहा है. रचिन रवींद्र, ऋतुराज गायकवाड़, डेरिल मिशेल और शिवम दुबे भी लगातार गेंदबाजों की कुटाई कर रहे हैं. CSK अभी 3 में से 2 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर मौजूद है. CSK के गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान धारदार गेंदबाजी कर रहे हैं, जो अभी तक 6 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे ऊपर चल रहे हैं. अभी तक इन तीन टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए ये कहना गलत नहीं कि उनका प्लेऑफ में जाना लगभग तय लग रहा है।

RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE

SATGURU NAGAR
INDORE - KHANDWA ROAD



तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT

Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

## नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी-पांढुर्णा में रेड अलर्ट

# बंगाल की खाड़ी-अरब सागर से MP में आ रही नमी; 11 अप्रैल तक पूरा प्रदेश भीगेगा

मध्यप्रदेश में एक बार फिर ओले-बारिश और तेज हवा का दौर शुरू हो गया है। रविवार की शाम भोपाल में तेज बारिश हुई। वहीं, सिवनी और बालाघाट के मलाजखंड में भी बूंदाबांदी हुई, जबकि रात में गुना, अशोकनगर, सीहोर, शाजापुर, बैतूल, नर्मदापुरम, सागर, राजगढ़, बालाघाट, डिंडोरी, विदिशा, रायसेन, धार, देवास, इंदौर, पांढुर्णा और मंडला जिलों में बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन यानी, 11 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में ओले गिरने और बारिश होने का अनुमान है।

डुस्ड्ड भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी और पांढुर्णा में ज्यादा बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। यहां 50 से 60चद्व प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है, जबकि इससे जुड़े जिलों में भी असर बना रहेगा। अगले चार दिन तक पूरे प्रदेश में भी मध्यम, हल्की बारिश होती रहेगी। बारिश के चलते कई जिलों में दिन के टेम्प्रेचर में भी गिरावट हुई है।

### टीकमगढ़ में बिजली गिरने से पावर हाउस का गोदाम जला

टीकमगढ़ शहर के पुरानी टिहरी स्थित पावर हाउस के गोदाम में रविवार देर रात आग लग गई। बिजली कंपनी के शहर इंचार्ज आशुतोष रावत ने बताया कि पावर हाउस से थोड़ी दूर आकाशीय बिजली गिरी। इससे गोदाम में शॉर्ट सर्किट हुआ। गोदाम में ट्रांसफार्मर के ऑयल से भरे ड्रम, केबिल, ट्रांसफार्मर जल गए। दो फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। शहर में 3 घंटे बिजली बंद रही।

### अप्रैल में पहली बार ऐसा मौसम

अप्रैल में पहली बार साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से स्ट्रॉन्ग सिस्टम की एक्टिविटी है। इस कारण आंधी, बारिश, ओले और आकाशीय बिजली की गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आ रही है।

### 10 में से 7 साल हो चुकी बारिश




बता दें कि अप्रैल महीने में प्रदेश में आंधी-बारिश का ट्रेंड है। पिछले 10 में से 7 साल बारिश हुई थी। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। पूरे प्रदेश के भीगने की संभावना है।

### इसलिए बदला मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक- बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में प्रति चक्रवाती हवाएं सक्रिय हैं। वहीं, एक के बाद एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस उत्तर प्रदेश के ऊपर सक्रिय है। राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है। इस कारण अरब सागर से नमी लेकर हवाएं आ रही हैं। बंगाल की खाड़ी से भी हवाएं नमी लेकर आ रही है। इस वजह से प्रदेश का मौसम भी बदला है। 11 अप्रैल तक लगातार बारिश, ओले और तेज हवा चलने का अनुमान है। 13-14 अप्रैल को दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस और एक्टिव होंगे। इस वजह से मौजूदा सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग होगा। रेड अलर्ट वाले जिलों में बारिश, ओले और आंधी का असर ज्यादा रहेगा।

### कब, कहां होगी बारिश

**8 अप्रैल-** भोपाल, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सीहोर, बुरहानपुर, मैहर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह और सागर जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चलने का अनुमान है। बैतूल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिले में मध्यम बारिश हो सकती है। यहां 40 से 50 चद्व प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और ओले गिरने का भी अनुमान है।

**9 अप्रैल-** राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, श्योपुरकलां, मैहर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में यलो अलर्ट रहेगा। यहां हल्की बारिश हो सकती है।

विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, हरदा, देवास और नरसिंहपुर में ओले-बारिश के साथ 40 से 50चद्व, मंडला, बालाघाट और सागर में 50 से 60Km प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। यहां ऑरेंज अलर्ट है। नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और सिवनी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां तेज बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।

**10 अप्रैल-** विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, पन्ना, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है।

नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, मंदसौर, नीमच, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में 40 से 50किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। यहां यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**11 अप्रैल-** विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सीधी, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, पन्ना, दमोह, छतरपुर और सागर जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान है। इसी तरह डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भी हल्की बारिश हो सकती है।



# डॉक्टर बने अब समाज को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी

# इंडेक्स मेडिकल कॉलेज और पैरामेडिकल फिजियोथैरेपी ग्रेजुएशन सेरेमनी के विद्यार्थियों को मिली डिग्री

## डिग्री के साथ मिला सचेत परंपरा के गीतों पर थिरकने का मौका







**इंदौर (अनिल चौधरी)। मालवांचल यूनिवर्सिटी के अनुरूप फेस्ट में शनिवार को एक ओर जहां डॉक्टर बनने का जश्न था। इसी के साथ सचेत परंपरा के गीतों पर थिरकने का मौका भी इंडेक्स समूह संस्थान के विद्यार्थियों को मिला। अनुरूप कल्चरल फेस्ट की शाम बॉलीवुड गायकों के नाम रही। सिंगर सचेत और परंपरा की आवाज ने ऐसा जादू बिखेरा कि दर्शकों देर रात तक इसका आनंद लेते रहे।**

इंडेक्स मेडिकल कॉलेज और पैरामेडिकल कॉलेज की ग्रेजुएशन सेरेमनी दूसरे दिन 500 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्री और 16 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी,इंडेक्स समूह के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया,वाइस चेयरमैन मयंकराजसिंह भदौरिया,चांसलर गौरीसिंह भदौरिया,कुलपति डॉ.संजीव नारंग ने सभी विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर मप्र के पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी,समाजसेवी डॉ.अनिल भंडारी,पूर्व डीआईजी धमेंद्र सिंह चौधरी,इंटरनेशनल पैरास्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया, डॉ.दिगपाल धाकड़,विधु कुमार को मानद उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी नागरिकों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने का संकल्प भी दिलाया गया। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि डॉक्टर बनने के साथ आपको समाज को स्वस्थ रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आप इस क्षेत्र अभिभावकों के साथ इंडेक्स समूह का नाम रोशन करें।

### आपके हाथों आपके सपनों की डिग्री

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन मयंकराजसिंह भदौरिया ने कहा कि कोरोनाकाल के सबसे मुश्किल समय में आपने अपनी पढ़ाई को पूरा किया है। मेहनत और धैर्य की बदौलत आपके हाथों आपके सपनों की डिग्री आ गई है। यहां से आप देश के चिकित्सा जगत में अपनी नई पहचान कायम करने की शुरूआत कर रहे है। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जीएस पटेल ने कहा कि एमबीबीएस की डिग्री के साथ भारत के हर नागरिक के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी निभाने का वक्त है। आज डिग्री के बाद आप देश के अलग-अलग अस्पतालों में अपनी सेवाएं देगें। आपके लिए भले ही एक गौरवशाली क्षण है लेकिन अभिभावकों के लिए यह एक भावुक पल है। पैरामेडिकल प्राचार्या डॉ.रेशमा खुराना ने कहा कि डिग्री के साथ अब आपकी पढ़ाई की असली परीक्षा शुरू हुई है। आप लोगों की जिम्मेदारी है कि आप इंडेक्स के साथ मालवांचल यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करें।

### विद्यार्थियों मिली डिग्री और गोल्ड मैडल

कुलपति डा. डॉ.संजीव नारंग ने बताया कि मालवांचल यूनिवर्सिटी में इंडेक्स समूह संस्थानों में 7 से अधिक शिक्षण संस्थानों में मेडिकल, नर्सिंग, डेंटल, फिजियोथैरपी, एग्रीकल्चर, फॉर्मेसी सहित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे है। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में जहां मप्र की सबसे अधिक 250 सीटों पर एमबीबीएस,एमडी,एम एस जैसे पाठ्यक्रम है। दो दिवसीय ग्रेजुएशन सेरेमनी में विभिन्न कोर्सेस के 900 से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि और 16 छात्रों को गोल्ड मैडल प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर मालवांचल विश्वविद्यालय के प्रो.वाइस चांसलर डॉ. रामगुलाम राजदान, रजिस्ट्रार डॉ.लोकेश्वरसिंह जोधाणा, इंडेक्स के डायरेक्टर आर एस राणावत, एडिशनल डायरेक्टर आर सी यादव, डायरेक्टर एचआर रूपेश वर्मा,इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जी. एस.पटेल,प्राचार्या डॉ. रेशमा खुराना,चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वाति प्रशांतअन्य डिपार्टमेंट प्रोफेसर और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।




**पंच प्यारे मित्र मंडल ग्रुप लिंबोदी खंडवा रोड के तत्वाधान में गंगा स्क्वायर के मुख्य मार्ग पर एक प्याऊ की स्थापना की इस शुभ कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में राधेश्याम वर्मा मज्जन भैया श्री शातिलाल उपाध्याय आरती दीदी करूंण जी उपाध्याय के उपस्थिति में प्याऊ का उद्घाटन हुआ इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथियों ने जल के महत्व को बताते हुए जल को पांच तत्वों में से एक प्रधान तत्व बताया इस अवसर पर रामबाबू गुप्ता ने सबका आभार माना**

# फाग महोत्सव में राधा कृष्ण ने खेली फूलों की होली

## मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ और समाचार पत्र कर्म साक्षी का सयुंक्त आयोजन

**इंदौर ( अनिल चौधरी )।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई और कर्मसाक्षी समाचार पत्र द्वारा स्वामी प्रीतमदास सभागृह में फाग उत्सव और होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। इस मौके पर राधा और कृष्ण ने फूलों के संग सुंदर होली खेली।






आयोजक व संस्था की उपाध्यक्ष सरिता शर्मा ने बताया कि उत्सव की शुरूआत् रास से हुई। होली के गीतों और भजनों पर प्रस्तुति हुई। सिने अभिनेत्री सारिका दीक्षित ने होली के गीतों पर मनोहारी नृत्य कर सबको भाव विभोर कर दिया। होरी खेले रघुवीरा अवध मे होरी खेले रघुवीरा ,,,,,अरे जारे नटखट,,,, रंग बरसे भीगे चुनर वाली गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति हुई। विजय पाठक और सोनिया पाठक ने सुरों की महफ़िल से माहौल को संगीतमय कर दिया। राधा कृष्ण की जोड़ी ने सुंदर रास कर सबको मथुरा वृन्दावन की याद दिला दी।

मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि उत्सव मे राधा कृष्ण ने इतने फूल बरसाए कि फूलों की पीली गुलाबी चादर बिछ गई। अतिथि स्वागत जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, संभाग अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, राजेंद्र सिंह ,शालिनी शर्मा ने किया।

इस मौके पर ममता शर्मा,गिरीश कानूनगो, हेमंत व्यास, राजेंद्र सिंह, चंदा खत्री , अशोक शर्मा,अनिल चौधरी, देवेंद्र साहू, सुधीर वर्मा,रामकिशोर लोवंशी,संजय जोशी, राकेश रायकवार विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिंगर पीहू हासन ने किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )